हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

ईमेल / Email : affiliationcell2020@gmail.com
वेबसाइट / website : www.hnbgu.ac.in

पत्रांक : हे.न.ब.ग.वि.वि. / मान्यता / 2022 / 766

दिनांक : 02/05/2022

परिपत्र (Circular)

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय / शासकीय सहायता प्राप्त / स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों / संस्थानों मे पूर्व से संचालित विषयों की सत्र 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 की सम्बद्वता हेतु **ऑफ लाइन मोड** के माध्यम से आवेदन करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पत्रांक संख्या मान्यता / 2022 / 698 दिनांक 31.03.2022 से जारी सर्कुलर (परिपत्र) के क्रम में कई संस्थानों / कालेजों द्वारा निर्धारित तिथि तक आवेदन न कर पाने के कारण, उक्त सत्रों के आवेदन जमा कराने हेतु अनुरोध पत्र प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय को सत्र 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 की सम्बद्वता हेतु आवेदन पत्र जमा करने के लिए कालेजों / संस्थानों से प्राप्त अनुरोध पत्रों एवं छात्रहित को मध्यनजर रखते हुए सत्र 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 की सम्बद्वता के लिए आवेदन करने हेतु एतद् द्वारा **दिनांक 17.05.2022** तक तिथि विस्तारित की जाती है।

अतः उपरोक्त के क्रम में पूर्व सत्रों 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 की सम्बद्वता हेतु ऑफ लाइन मोड के माध्यम से **दिनांक 17.05.2022 शांय 5.00 बजे तक** सम्बन्धित पत्रजात निर्धारित शुल्क आवेदन पत्र के साथ **ऑफ लाइन** जमा करना सुनिश्चित करें।

सत्र 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 की सम्बद्धता के लिए निम्नवत आवेदन करना होगाः–

1. सत्रवार पूर्व से संचालित प्रत्येक विषय की सम्बद्धता के लिए निर्धारित प्रारूप (**Annexure-I**) पर सम्बद्धता शुल्क रूपया 1000 / – के डिमान्ड ड्राफ्ट (**वित्त अधिकारी एच0एन0बी0गढवाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल**) के साथ आवेदन करना होगा।
2. पूर्व से संचालित जिस विषय के लिए आवेदन प्राप्त नहीं होगा उसे सम्बद्ध विषयों की सूची से पृथक कर दिया जायेगा।
3. राजकीय / शासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में यदि स्ववित्त पोषित में पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है तो उन्हें भी निर्धारित प्रारूप पर सम्बद्धता शुल्क सत्रवार रूपया 1000 / – के डिमान्ड ड्राफ्ट के साथ आवेदन करना होगा।
4. जिन संस्थाओं द्वारा सम्बद्धता के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय में वाद दायर किया गया हो उन्हें भी सम्बन्धित वाद पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर प्रत्येक विषय के लिए निर्धारित प्रारूप पर अलग–अलग आवेदन करना होगा।
5. जिन कालेजों / संस्थानों का सत्र 2017–18 का सम्बद्वता विस्तारण पूर्व में हो चुका है तथा जिन कालेजों / संस्थानों द्वारा सत्र 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 की सम्बद्वता हेतु आवेदन कर दिया गया है उन्हें आवेदन नहीं करना है।
6. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

2/5/2022

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त सम्बद्व कालेज / संस्थान।
2. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक, पौडी / टिहरी / चौरास परिसर।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / वित्तअधिकारी।
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. संयुक्त कुलसचिव / समस्त उप कुलसचिव / समस्त सहायक कुलसचिव।
6. प्रभारी सिस्टम मैनेजर डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर हे0नं0ब0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त **परिपत्र (Circular)** की सम्बद्धता शर्ते एवं आवेदन हेतु निर्धारित प्रारूप को विश्वविद्यालय वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव कुलसचिव।
8. निजी सचिव, प्रति कुलपति।
9. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।

कुलसचिव